तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, सोमवार 21 जुलाई 2025

09 चिखलाकसा में वृहद पौधारोपण अभियान किया


10 खुरसुनी में 900 पौधारोपण कर हरियाली ...




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## पंद्रह घंटे की बारिश ने मचाई तबाही, मवेशी बहे, गाड़ियां डूबी, घर में कीचड़ व दलदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

■ प्रशासन की नींद में डूबा दल्ली राजहरा



नगर पालिका, बीएससी और राजस्व प्रशासन की लापरवाही एक बार फिर भारी पड़ी बीते 15 घंटों की मूसलधार बारिश ने शहर को जलमग्न कर दिया। जल निकासी की कोई व्यवस्था न होने के कारण पूरा शहर एक दलदल में तब्दील हो गया। बारिश के कारण दल्लीराजहरा शहर के बीच-बीच वार्ड क्रमांक 4, 24 और 25 में बहने वाला बारहमासी नाले उफान पर आ गए, जिनमें बहकर दो गाय और दो भैंस मौत के मुंह में समा गईं। वहीं कई स्थानों पर चार पहिया वाहन पानी में पूरी तरह डूब गए, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है।

स्थानीय मोहल्लों में हालात बदतर हैं। घरों में कमर तक पानी भर गया, फर्श पर कीचड़ और गंदगी का अंबार है। लोगों का रहना मुश्किल हो गया है, वहीं प्रशासन हालात पर मूकदर्शकबना बैठा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर साल बरसात में यही हाल होता है लेकिन नगरपालिका और राजस्व विभाग सिर्फ कागज़ों पर ही योजनाएँ बनाते हैं। अगर समय रहते नालों की सफाई और जल निकासी का प्रबंध किया गया होता, तो शायद ये दिन नहीं देखना पड़ता। गुस्साए लोगों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि ये आपदा नहीं, प्रशासन की खुली नाकामी है। जिम्मेदार अफसरों और जनप्रतिनिधियों से जनता जवाब मांग रही है। लेकिन जवाब में केवल चुप्पी और खानापूर्ति देखने को मिल रही है। प्रशासन की निष्क्रियता अगर इसी तरह जारी रही, तो आने वाले दिनों में यह संकट और भी गंभीर रूप ले सकता है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि और अधिकारी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर कहते हैं लगातार पानी निकासी की व्यवस्था की जा रही है आगामी समय में भी पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मांगों को लेकर ओबीसी महासभा द्वारा एसडीएम को आज सौपा जाएगा ज्ञापन

**गुरूर।** ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक द्वारा आज अपनी मांगो को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौपा जाएगा। इस दौरान संघ द्वारा सभी पदाधिकारियो के साथ सदस्यो को उपस्थित होने की अपील की है। अध्यक्ष ओबीसी महासभा गुरूर ब्लॉक ओमप्रकाश साहू, संपत कलिहारी, वर्षा संजय साहू, नंदकुमार साहू, राजेश साहू, एक नाथ सिन्हा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### पति की पिटाई से नाराज मां ने बेटे के खिलाफ लिखाई रिपोर्ट

**बालोद।** पिता द्वारा अपने दोस्तों से कही कुछ बात को लेकर नाराज होकर युवक ने सुबह उठते ही अपने पिता की पिटाई कर दी। जिसे सुबह घर का काम कर रही मां ने देख लिया जिसके बाद अपने बेटे द्वारा पति की पिटाई से नाराज मां ने अपने बेटे के खिलाफ अर्जुन्दा थाने मे धारा 115(2), 117(2), 296 रिपोर्ट दर्ज कराई है। मिली जानकारी के अनुसार यह मामला ग्राम नवागांव डु का है। जहां देवकी साहू ने पुलिस को जानकारी दी है कि सुबह उठकर घर का काम कर रही थी। सुबह पति घर में थे। इस दौरान छोटा बेटा धनेश्वर साहू सुबह सोकर उठा और अपने पिता से वाद विवाद करने लगा कि दोस्तों के सामने बेइज्जती करते हो। जिसके बाद वह गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का एवं लकड़ी से पति से मारपीट करने लगा। जिसका बीच बचाव करने गई, तब मारपीट बंद किया। मारपीट से पति के सिर व कंधे में चोट लगी है। इस मामले में अर्जुदा थाने में धनेश्वर साहू के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### नौकरी लगाने के नाम पर 50 लाख की ठगी

**भिलाई।** नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर टीआई राज कुमार लहरे ने बताया कि दुर्ग सीएमएचओ कार्यालय की नियमित कर्मी प्रिया देशमुख ने शिकायत किया है। उसमें आरोपी रजत कुमार गुप्ता, प्रिया देशमुख के बीच नायब तहसीलदार बनाने की सौदेबाजी हुई है। आरोपी ने प्रिया से पहले 50 लाख में नायब तहसीलदार बनाने का सौदा किया था। उसमें अग्रिम के तौर पर वह प्रिया से 25 लाख रुपए लिया फिर 25 लाख नौकरी के बाद देने बोला था।

आयोजन

**जिले में 1 लाख 74 हजार पौधों का रोपण किया**

## जिले में लगातार घटते भूजल स्तर से निपटने चलाया गया पौधारोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला प्रशासन की अभिनव पहल पर जिले में आयोजित वृहद पौधारोपण सह वन महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के माध्यम से बालोद जिले में सभी वर्गों के लोगों के द्वारा कुल 01 लाख 74 हजार पौधों के रोपण के फलस्वरूप एक साथ वृहद स्तर पर इतनी बड़ी संख्या में पौधरोपण करने का जिले में एक नया अध्याय जुड़ गया है।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बालोद जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा आज जिले में आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से जिले में ऐतिहासिक एवं पावन, पुनीत कार्य किया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि बालोद जिले में जनहित में किए गए इस नेक कार्य के फलस्वरूप आज का वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सभी के लिए सदैव अविस्मरणीय एवं प्रेरणादायी रहेगा। उप मुख्यमंत्री शर्मा संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में आयोजित वृहद पौधारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। शर्मा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भोजराज नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व





विधायक बिरेन्द्र साहू एवं प्रीतम साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष देवलाल ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सरस्वती टेमरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा एवं राकेश यादव सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि केसी पवार, अभिषेक शुक्ला, राकेश यादव (छोटू), ग्राम पंचायत सिवनी के सरपंच बहुर सिंह नेताम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल, नागरिक, विभिन्न संस्थाओं एवं संगठन के प्रतिनिधि, पत्रकारगण एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने माता कृष्णादेवी शर्मा, सांसद भोजराज नाग ने अपनी माता नूतन बाई नाग, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चन्द्राकर ने अपनी माता कलाबाई के अलावा कलेक्टर दिव्या ▶▶| शेष पेज 08 पर

### कार्यक्रम में सभी वर्गों का साथ: शर्मा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए वृहद पैमाने पर पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित कर उसे सफलतापूर्वक अमलीजामा पहनाने का जो अभिनव कार्य किया गया है वह बहुत ही सराहनीय एवं प्रेरणादायी है। शर्मा ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों की सहभागिता के साथ–साथ हमारी माताओं और बहनों की सक्रिय भागीदारी बहुत ही काबिले–तारीफ है। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री शर्मा ने वेबएक्स के माध्यम से जिले के सभी पांचों विकासखण्ड से जुड़े पर्यावरण संरक्षण तथा पौधरोपण के कार्य में उल्लेखनीय कार्य करने वाले लोगों से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में उनके द्वारा 01 वर्ष पूर्व में रोपे गए नीम के पौधे के बड़े होने पर सराहना की। समारोह में शर्मा ने उपस्थित सभी लोगों को 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अनिवार्य रूप से पौधरोपण करने तथा उनकी देखभाल एवं सुरक्षा की समुचित उपाय सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद भोजराज नाग ने बालोद जिला प्रशासन एवं वन विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस वृहद पौधारोपण कार्यक्रम को पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में मील का पत्थर बताते हुए आयोजन की भूरी–भूरी सराहना की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तेजी से बदल रहे जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप उसका दुष्प्रभाव मानव जाति के अलावा संपूर्ण जीव–जगत पर पड़ रहा है। इस अवसर पर उन्होंने इस अवसर पर उन्होंने कुआं, तालाब एवं सरोवर निर्माण के साथ–साथ पौधरोपण के महत्व एवं उद्देश्यों के संबंध में विस्तार से प्रकाश डाला।

## युवक का पंखे से लटकता शव मिला पुलिस जांच मे जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

ग्राम अरमरीकला मे 21 वर्षीय नवयुवक का शव घर के कमरे मे स्थित पंखे मे लटकता मिला। जिसकी जानकारी होने पर मौके पर पहुंच पुलिस जांच मे जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अरमरीकला निवासी 21 वर्षीय नवयुवक साजन कुमार साहू को सुबह जब उसके दोस्त आईटीआई जाने के लिए बुलाने उसके घर पहुंचे तो युवक घर के कमरे मे स्थित पंखे मे फांसी के फंदे मे लटकता मिला।

जिसके बाद युवक के दोस्तो के द्वारा इसकी जानकारी युवक के परिजनो के साथ पुलिस व ग्रामीणो को दी गई जहां पुलिस के पहुंचने के बाद युवक के शव को कब्जे मे लेकर पुलिस द्वारा पंचनामा तैयार किया गया और शव को अपने कब्जे मे ले लिया गया। वही मिली जानकारी के अनुसार घटना दिनांक को युवक अकेले घर मे था तथा उनके परिजन गुजरात काम करने के लिए गए हुए थे व उसका बड़ा भाई किसी काम से बाहर गया हुआ था जहां युवक अकेले ही रहने के दौरान यह बड़ा कदम उठा लिया। हालांकि युवक के मौत का कारण अभी स्पष्ट नही हो पाया है और पुलिस युवक के द्वारा उठाए गए इस कदम की जांच कर रही है। पुलिस जांच के बाद ही युवक के मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता जोरातराई आर में होगी 24 को

**बालोद/कलंगपुर।** हरियाली त्यौहार के अवसर पर शहीद हिराधर प्रसाद ठाकुर की स्मृति में शहीद क्रीड़ा मंडल एवं समस्त ग्रामवासी जोरातराई आर के संयुक्त तत्वावधान मे 24 जुलाई को एक दिवसीय डे नाइट छत्तीसगढ राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रुपए, द्वितीय 3001 रुपए, तृतीय 2001 रुपए एवं चतुर्थ 1001 रुपए दिया जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 24 जुलाई को दोपहर 2 बजे आमंत्रित अतिथियो द्वारा किया जाएगा।

## कांग्रेसियों ने जयस्तंभ चौक में प्रदर्शन करते हुए ईडी का पुतला दहन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और एआईसीसी महासचिव भूपेश बघेल के खिलाफ प्रवर्तन निर्देशालय द्वारा की गई कार्यवाही के विरोध में कांग्रेसियों ने शहर के जयस्तंभ चौक में प्रदर्शन करते हुए ईडी का पुतला दहन किया। यह प्रदर्शन उत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित किया गया, जिसमें ईडी का पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि ईडी की यह कार्यवाई केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार के दबाव में द्वेषपूर्ण तरीके से की जा रही है। कांग्रेसजनों ने इस कार्रवाई को लोकतंत्र और विपक्षा की आवाज दबाने की साजिश करार दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान ईडी मुर्दाबाद, भूपेश बघेल सघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ है जैसे नारो से जयस्तम चौक गूज उठा। प्रदर्शनकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन–जिन कांग्रेस नेताओं को ईडी के जरिए ▶▶| शेष पेज 08 पर

### 5 फीट लंबे अजगर को ग्रामीणों ने ग्राम से बाहर सुरक्षित छोड़ा



**बालोद।** ग्राम मालीघोरी के पास एक 5 फीट लंबा अजगर सांप ग्राम तक पहुंच गया। ग्रामीणों ने सजगतापूर्वक उसे बोरी में भरकर ग्राम से बाहर छोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मालीघोरी के पास जंगल और बांध का किनारा है। जिसकी वजह से अक्सर इस तरह के अजगर यहां पर देखे जाते हैं। 5 फीट बड़ा अजगर निकलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। करीब 5 फीट लंबा यह अजगर खेतों के रास्ते गांव के किनारे तक पहुंच गया था।

## स्कूल सफाई कर्मियों की हड़ताल जारी, वार्ता बेनतीजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



स्कूल सफाई कर्मचारियो द्वारा अपनी मांगो को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, इसी के तहत उच्च अधिकारियो से वार्ता विफल होने पर हड़ताल जारी रहने की बात स्कूल सफाई कर्मचारियो द्वारा की गई है।

जिसमे जिले के स्कूल सफाई कर्मचारी सम्मिलित है। गौरतलाप है कि 15 जून से प्रदेश भर के 43301 स्कूल सफाई कर्मचारी संघ की मांगो को लेकर बालोद जिला की समस्त स्कूल सफाई कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। 16 जुलाई को प्रदेश भर के कर्मचारी पदयात्र करते हुए नया रायपुर स्थित तूता धरना स्थल पहुंचे थे दोपहर लगभग 3 बजे मुख्यमंत्री निवास घेराव करने जा रहे थे जिसे रेलवे अंडर ब्रिज के पास पुलिस प्रशासन के द्वारा बैरिकेड लगाकर रोक दिया गया। जिसके कारण पुलिस प्रशासन और कर्मचारियों के बीच झूमा झपती हुआ उस दौरान स्कूल सफाई कर्मचारी सदस्य को चोट लग गई है। कर्मचारी संघ पूर्ण कालीन कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान किया जाए और युक्ति युक्तकरण के तहत कर्मचारियों को यथावत काम पर रखा जाए। संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर लिखित आदेश जारी किए जाने को लेकर देर रात तक प्रदर्शन किया। रात में संघ के प्रतिनिधिमंडल को प्रमुख सचिव से मुलाकात कराया गया मुलाकात में केवल ▶▶| शेष पेज 08 पर

### छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा 1225 मीटर रिकार्ड दर्ज

## यशवंत ने पर्वतारोहण पर विश्वस्तरीय रिकार्ड बनाया कलेक्टर ने मेडल पहनाकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

जिले के गुण्डरदेही विकासखंड के अंतर्गत अर्जुन्दा ब्लाक से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम डुड़िया निवासी यशवंत कुमार टंडन पिता हूबलाल टंडन को कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय बालोद में यशवंत टंडन का नाम वर्ल्ड वाइड बुक आफ रिकार्ड में विश्व रिकॉर्ड धारक के रूप नाम दर्ज होने के उपलक्ष्य में प्रमाण पत्र और मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने यशवंत को उसकी इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। दिव्या उमेश मिश्रा ने यशवंत टंडन की उपलब्धि की प्रशंसा करते हुए कहा



कि उनकी यह उपलब्धि न केवल जिले के लिए बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने यशवंत टंडन को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी।

अब तक यशवंत की उपलब्धियांयो मे उत्तराखंड के नैनीताल की सबसे ऊंची चोटी नैना पीक ऊंचाई 8622 फीट, उत्तराखंड के उत्तरकाशी में स्थित केदारकंठा ट्रैक 12500 फीट, हिमाचल प्रदेश के शिमला की सबसे ऊंची चोटी जाखू टेंपल 9500 फीट, हिमाचल प्रदेश के मनाली में स्थित माउंट फ्रेंडशिप पीक एडवांस बेस कैंप 2900 मीटर, छत्तीसगढ़ की सबसे ऊंची चोटी गौरलाटा 1225 मीटर रिकार्ड दर्ज है। यशवंत टंडन ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है और वे इस उपलब्धि के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम मानते हैं। उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी अपनी पर्वतारोहण की यात्र जारी रखेंगे और नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

### आखिर कैसे दर्ज हुआ यशवंत का नाम विश्व रिकॉर्ड में

वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर यशवंत कुमार टंडन ने बताया कि दिल्ली से मान्यता प्राप्त भारतीय साहसिक संस्थान इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा उत्तराखंड राज्य के उतरकाशी जिले में स्थित केदारकंठा नेशनल विंटर ट्रैकिंग कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें 12500 फीट ऊंची चोटी केदारकंठा ट्रैक पर माइनस –16 डिग्री सेल्सियस तापमान पर अपनी टीम के साथ 280 फीट का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा लहराकर टीम के साथ अपना नाम वर्ल्ड वाइड बुक आफ रिकार्ड में दर्ज किया और इतिहास रचा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### प्रज्ञापीठ हनोदा में विकास खंड स्तरीय गोष्ठी संपन्न

**अंडा।** विकास खंड स्तरीय गोश्ठी का प्रज्ञापीठ हनोदा में सफ़ल आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिदुओं पर चर्चा की गई। प्रत्येक प्रज्ञापीठ/शक्तिपीठ/ज्ञान मन्दिर/चरण पीठ में एक श्यामपट पर प्रत्येक सप्ताह एक सत संकल्प पाठ लिख कर जीवन में उतारने का अभ्यास करेंगे। वर्तमान माह में साधना , पौधारोपण, बाल संस्कार शाला, स्वच्छता अभियान को विशेष गति प्रदान किया जावेगा। माह के प्रथम व तृतीय रविवार को विकास खंड स्तरीय सामूहिक कार्य के लिए आरक्षित किया गया। शेष रविवार प्रज्ञा मण्डल स्तर के लिये। दिनांक 3/8/25 को सामूहिक श्रमदान कोकड़ी(हनोदा)में पौधरोपण व स्वछता अभियान के रूप में रहेगा। जिसमें समस्त परिजन वेशभूषा में आमंत्रित हैं। आंदोलन पर विस्तृत चर्चा कर चरण बद्ध लक्ष्य पूर्ति के लिए आग्रह किया गया। विभिन्न स्थानों में 5/24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजन पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। गोश्ठी में सम्मिलित सभी परिजनों का श्री देवीलाल साहू जी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### सहगांव में तेंदूपत्ता संग्राहकों को दिया गया चरण पादुका



**डौण्डीलोहारा।** तेंदूपत्ता संग्राहकों के चरणों की सुरक्षा के लिए भाजपा के घोषणा पत्र के अनुरूप प्रदेश के 12.40 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों के परिवार के मुखिया को चरण पादुका प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है। ग्राम पंचायत सहगांव में 150 परिवार के मुखिया को चरण पादुका का वितरण किया गया। इस अवसर पर डिप्टी रेंजर रमन सिंह ठाकुर ,वन विभाग कर्मचारी वासुदेव गंधर्व ,सरपंच भूषण लाल देवांगन, उप सरपंच रुनीता पिस्दा,सचिव लच्छण पटेल ,रोजगार सहायक लोकेश चुरेन्द्र, तथा पंचगण सीमा पिस्दा ,इंदू पिस्दा, होरीलाल चुरेन्द्र,अंजनी चुरेन्द्र, बीरम बाई, ,सुनीता शांडिल्य ,साधना पिस्दा, रूपकुंवर चुरेन्द्र व नरसिंह निषाद उपस्थित थे।

### मोपेड़ में शराब ले जाते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को नाकाबंदी कर पकड़ा। आरोपी से 36 पौवा देशी मसाला शराब बरामद किया गया है।

### निधन

#### तोखन लाल साहू



**गुरूर।** ग्राम कन्हारपुरी निवासी तोखन लाल साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे उमेश्वर लाल साहू, डेमन लाल साहू, टिकेश्वर लाल साहू के पिता थे।

---

**बारिश :** अंचल में बरसात में भी नहीं रुकी सेवा, लोग हो रहे परेशान

# दल्लीराजहरा के बिजली योद्धाओं ने झमाझम बारिश में निभाई जिम्मेदारी, अंधेरे से बचाया शहर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

जहां एक ओर झमाझम बारिश ने पूरे शहर को बेहाल कर रखा है, वहीं दूसरी ओर दल्लीराजहरा विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना की मिसाल पेश की है। लगातार हो रही बारिश के बीच भी बिजली व्यवस्था को बनाए रखने के लिए विभाग के कर्मी तन-मन से जुटे रहे।

रविवार की रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई जगहों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। लेकिन विद्युत विभाग की टीमें तुरंत सक्रिय हुईं और बिना मौसम की परवाह किए, पूरी मुस्तैदी के साथ फॉल्ट सुधार कार्य में जुट गईं। तेज बारिश, कीचड़, फिसलन और अंधेरे के बावजूद बिजली कर्मियों ने न सिर्फ तकनीकी खराबियों को दूर किया, बल्कि पूरे शहर को समय रहते रोशनी से जगमग कर दिया। नगर के कई हिस्सों जैसे वार्ड क्रमांक 04,10, 12, 15,21,22,25 और चिखलाकसा रोड पर जहां जलभराव और तकनीकी फॉल्ट के कारण अंधेरे की स्थिति बन गई थी, वहां





विद्युत विभाग की टीमों ने विशेष सावधानी और तत्परता के साथ बिजली बहाल की। इस दौरान कई कर्मचारियों ने बिना रेनकोट, खुले आसमान के नीचे, पानी से लबालब भरे इलाकों में जाकर खंभों पर चढ़कर मेंटेनेंस का कार्य किया। विद्युत विभाग की इस कर्मठता और सेवा भावना से नगरवासी काफी प्रभावित हुए। सोशल मीडिया से लेकर आम जनमानस तक सभी ने इन कर्मियों की खुले दिल से प्रशंसा की। लोगों ने कहा कि कठिन समय में जब आम जनजीवन थम जाता है, तब ये बिजली के सच्चे सिपाही जोखिम उठाकर हमारे घरों में उजाला लाते हैं। स्थानीय निवासी राकेश वर्मा ने कहा, "हमारी कॉलोनी में रातभर बिजली नहीं थी, लेकिन सुबह होते ही विभाग की टीम आई और 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आपूर्ति बहाल की। भीगते हुए उन्होंने जैसे कार्य किया, वह वास्तव में सराहनीय है।"

इस कठिन घड़ी में विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की यह सेवा भावना प्रेरणादायक है। यह घटना न केवल उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण को दर्शाती है, बल्कि समाज के प्रति उनके योगदान को भी उजागर करती है। दल्लीराजहरा के बिजली योद्धा सचमुच में धन्यवाद और सम्मान के हकदार हैं, जिन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर भी शहर को अंधेरे में डूबने नहीं दिया। विद्युत अधिकारी सुनील ठाकुर कहते हैं यह उनका कर्तव्य है और वह अपने कर्तव्य निष्ठा के साथ अपनी पूरी टीम के साथ मिलकर कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं और पूरा प्रयास करते हैं कि शहर में अंधेरा ना हो!

## बारिश का कहर दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन जलमग्न, पटरी पर दो फीट ऊपर बहा पानी





**दल्लीराजहरा।** लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने दल्लीराजहरा शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया है। पिछले 15 घंटे की झमाझम बारिश ने जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया, वहीं दल्लीराजहरा रेलवे स्टेशन जलमग्न हो गया। बारिश इतनी तेज रही कि रेलवे ट्रैक पूरी तरह पानी में डूब गई। रेलवे पटरियों के ऊपर करीब दो फीट तक पानी बहता नजर आया, जिससे ट्रेनों की आवाजाही पर संकट के बादल मंडराने लगे। स्टेशन परिसर रेलवे प्लेटफार्म तक पानी पहुंचने लगा।

यह दृश्य देखते ही सैकड़ों लोग मौके पर जुट गए, हर कोई मोबाइल में वीडियो और फोटो कैद करता नजर आया। घटना पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गई। रेलवे प्रशासन व स्थानीय प्रशासन की तैयारी की पोल इस बारिश ने खोलकर रख दी है। विशेषज्ञों के मुताबिक, ट्रैक पर पानी बहना बेहद गंभीर मामला है। इससे पटरी की पकड़ कमजोर हो सकती है और यातायात पर गंभीर असर पड़ सकता है। फिलहाल ट्रेनों की रफ्तार धीमी कर दी गई है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।



## दल्ली राजहरा में बारिश का कहर, शहर हुआ जलमग्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

खनिज नगरी दल्ली राजहरा में रविवार की तड़के 3 बजे से हो रही मूसलधार बारिश ने शहर की पूरी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। वार्ड क्रमांक 04, 10, 11, 12, 13, 15, 20, 22, 23, 24, सब्ज़ी मार्केट और चिखलाकसा के निचले दफाई क्षेत्रों में हालात बाढ़ जैसे बन गए। झरनों की नगरी कहे जाने वाला दल्लीराजहरा पूरा का पूरा जलमग्न हो गया। नालों का पानी घरों में घुस गया, सड़कें तालाब बन गईं, और गरीब जनता तड़पती रही।

इसी बीच, प्रशासन और जनप्रतिनिधि पौधारोपण के फोटोशूट में व्यस्त रहे। "एक पेड़ मां के नाम" जैसे नारों के बीच जबरदस्त प्रचार-प्रसार किया गया, लेकिन उन्हीं पेड़ों की छांव में बैठे अधिकारी जनता की चीख नहीं सुन सके। हर साल की तरह इस बार भी पौधे लगाकर कैमरे के सामने मुस्कुराने का कार्यक्रम चला, जबकि दूसरी ओर शहर की जनता की आंखों में आंसू और घरों में पानी भरा रहा। बारिश की पूर्व



चेतावनी के बावजूद नालों की सफाई नहीं करवाई गई। जल निकासी के इंतजाम नाकाफी थे और नतीजा यह हुआ कि दल्ली राजहरा की सड़कों पर गंदा पानी बहता रहा, मवेशी बह गए, दुकानों में कीचड़ भर गया और घरों का सामान बर्बाद हो गया।

---

## सीरत-ए-हसनैन क्विज काम्पीटिशन में यावर और वारिस अव्वल

### ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की प्रतियोगिता में 95 बच्चे हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ज़िला बालोद की ओर से जमात खाना, जामा मस्जिद बालोद के पास रविवार को सीरत–ए–हसनैन क्विज कॉम्पिटिशन रखा गया। इसमें जिले के लगभग 95 बच्चों ने हिस्सा लिया। इन्हें दो भागों में शामिल किया गया। पहला वर्ग कक्षा पहली से पांचवी और दूसरा वर्ग छठवीं से आठवीं के लिए रखा गया था। प्रतियोगिता में बच्चों से दीन से जुड़े सवाल किया गया, जिसका बच्चों ने बख़ूबी जबाव पेश किया। कार्यक्रम में पहले वर्ग में पहला आने वाले बच्चे को 1500रुपए, दूसरे आने वाले बच्चे हो 1000रुपए और तीसरे आने वाले बच्चे को 500 रुपए नगद, सनद और कलम बतौर ईनाम दिया गया। दूसरे वर्ग में पहला आने वाले बच्चे को 2000रुपए, दूसरे आने वाले बच्चे हो 1500 रुपए और तीसरे स्थान पर आने वाले बच्चे को





1000 नगद, सनद और कलम प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी 95 बच्चों को सनद, कलम और 100 रुपए ईनाम देकर हौसला अफज़ाई की गई। इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य आदिल हामिद सिद्दीकी, संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद खान, ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन बालोद जिलाध्यक्ष अध्यक्ष अज़हर कुरैशी, जिला सचिव रहीम मोहम्मद, जिला सोशल मीडिया प्रभारी हसनात सिद्दीकी और फाउंडेशन के पदाधिकारी हकीम ताज, इस्माईल खान, रिज़वान कुरैशी, आवेश मेमन, बशीर खान, कामरान खान, हमशीरा ग्रुप से शाहिना कुरैशी सहित जामा मस्जिद बालोद के ईमाम शकील रज़ा चिश्ती साहब, जामा मस्जिद बालोद के नायब इमाम मुश्ताक पटेल, इंतजामिया कमेटी बालोद के सदर शाहीद अहमद खान और बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज बालोद के लोग मौजूद रहे।

#### पहले वर्ग के विजेता

पहला - यावर मिर्जा वालिद मिर्जा शारिक बेग
दूसरा - तैफी वालिद सलीम खान
तीसरा - शोएब वालिद शाहिद खान

#### दूसरे वर्ग में इन्होंने मारी बाजी

पहला - वारिस हसन खान वालिद फिरोज खान
दूसरा - इकरा कुरैशी वालिद हाजी जहीरूद्दीन कुरैशी
तीसरा - इकरा अंजुम वालिद निसार खान

## धरा को हरभरा करने व जीवन बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरुरत

**गुरूर।** ग्राम पंचायत सोनाईडोंगरी में एक पेड़ मां के नाम के तहत गांव में अधिक संख्या में ग्रामीणों ने पौधारोपण किया। यहां 250 से अधिक पौधारोपण कर उनकी रक्षा का संकल्प लिया गया। जिसमें अलग–अलग प्रजाति के फलदार, छायादार पौधे लगाए गए। इस अवसर पर सरपंच जागृति खिलावन साहू ने पौधारोपण कर अपील की पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़–पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छाया देते हैं। धरा को हरा–भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरुरत है। प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाने और इसकी देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। पौधारोपण से पर्यावरण साफ, स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक होने के साथ–साथ यह हमारे लिए कई प्रकार से लाभकारी सिद्ध हो रहा है। विधि प्रकोष्ठ संयोजक





बालोद अधिवक्ता राम सहाय साहू ने पौधारोपण पश्चात कहा कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। पर्यावरण संरक्षण का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। हमारे पूर्वजों द्वारा लगाए गए वृक्षों का लाभ हमें मिल रहा है। इस कर्तव्य को पूरा करने का दायित्व प्रत्येक व्यक्ति का है। पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर समस्त पंचगनी, ग्रामीणजन एवं अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

---

## चिकित्सा शिक्षा में बड़ा बदलाव अब सिर्फ 1 वर्ष की अनिवार्य सेवा, काउंसिलिंग प्रक्रिया होगी पूरी तरह ऑनलाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र के भाजपा नेता यशवंत जैन, चेमन देशमुख,पवन साहू, कृष्णकांत पवार, राकेश यादव, शाहिद खान सहित अन्य लोगों ने बताया किराज्य में चिकित्सा शिक्षा को पारदर्शी, सरल और छात्रहितकारी बनाने के उद्देश्य से सरकार ने मेडिकल काउंसलिंग प्रक्रिया के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर स्वास्थ्य विभाग ने 2025-26 सत्र के लिए एमबीबीएस, बीडीएस और बीपीटी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रणाली को लेकर कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं। इन बदलावों को चिकित्सा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, इस वर्ष से प्रवेश प्रक्रिया में कई प्रमुख बिंदुओं पर संशोधन किया गया है

**अब सिर्फ 1 वर्ष की अनिवार्य सेवा:** अब तक छात्रों के लिए दो साल की अनिवार्य बॉन्ड



सेवा थी, जिसे घटाकर न्यूनतम 1 वर्ष कर दिया गया है।काउंसलिंग प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन पूरी प्रवेश प्रक्रिया अब डिजिटल मोड में होगी। सीट आवंटन से लेकर प्रवेश तक सभी चरण ऑनलाइन संपन्न किए जाएंगे। आरक्षित सीटों में राज्य के छात्रों को प्राथमिकता निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रबंधन और एनआरआई कोटा में यदि आरक्षित वर्ग (SC, ST, OBC) की सीटें खाली रहती हैं तो छत्तीसगढ़ के मूल निवासी छात्रों को वरीयता दी जाएगी।

### प्रत्येक चरण में पंजीयन की सुविधा

अब काउंसलिंग के हर चरण में विद्यार्थी पंजीयन कर सकेंगे, जिससे अंतिम क्षणों में आवेदन से वंचित होने की संभावना कम होगी।

### ओबीसी आय प्रमाण पत्र में सरलीकरण

ओबीसी वर्ग के लिए आय प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल किया गया है। ताकि छात्रों को अनावश्यक अड़चनें न झेलनी पड़ें। यदि ईडब्ल्यूएस श्रेणी की सीटें खाली रह जाती हैं, तो उन्हें अब अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि काउंसलिंग प्रक्रिया 30 जुलाई 2025 से शुरू होगी। इन संशोधनों से प्रदेश के मेडिकल विद्यार्थियों को न केवल अधिक अवसर मिलेंगे, बल्कि उन्हें एक पारदर्शी और सुविधाजनक प्रवेश प्रणाली भी प्राप्त होगी।

## पेज 7 के शेष

### जिले में ...

उमेश मिश्रा ने अपनी माता लिली यादवेन्द्र के नाम से पौधरोपण किया। इसी तरह कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों एवं अधिकारी–कर्मचारियों, गणमान्य जनों, मीडिया कर्मियों सहित आम नागरिकों ने भी अपने–अपने माँ के नाम से एक–एक पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज के इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं अत्यंत यादगार बताया। मिश्रा ने कहा कि सभी वर्गों की सहभागिता बालोद जिले में वनमहोत्सव के कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज आयोजित इस समारोह में जिले के सभी पांचों विकासखण्डों के अलावा 02 नगर पालिका एवं 07 नगर पंचायतों को वेबएक्स के माध्यम से एवं शेष स्थानों को सोशल मीडिया से जोड़कर उनसे वर्चुअली संपर्क स्थापित किया गया है। इस अवसर पर जिले में लगातार घटते भूजल स्तर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 2023–24 के भू–जल सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार जिले के गुरूर विकासखण्ड क्रिटिकल जोन में शामिल है। उन्होंने भविष्य में आने वाली भूजल संकट से निपटने हेतु बालोद जिले में जल जतन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की भी जानकारी दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री, सांसद एवं अतिथियों के द्वारा आज के इस वृहद पौधारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले लोगों का सम्मान भी किया। इसके अंतर्गत समारोह में अतिथियों के द्वारा डॉ. पद्म जैन, डॉ. प्रदीप जैन सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों के अलावा भिलाई स्टील प्लांट, निको, आईसीआईसीआई बैंक, राइस मिल ऐसोसिएशन एवं पेट्रोल पंप ऐसोसिएशन के प्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

### कांग्रेसियों ने जयस्तंभ चौक ...

परेशान किया जा रहा है, उनके साथ पूरी कांग्रेस पार्टी एकजुट खड़ी है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव कृष्णा दुबे, पूर्व सचिव पुरुषोत्तम पटेल, महामंत्री रतिराम कोसमा, विकास चोपड़ा, प्रेमचंद क्षीरसागर, चमेली साहू, रीता सोनी, आंचल प्रकाश साहू, सुमीत शर्मा, निर्देश पटेल, रवि जायसवाल, मेघनाथ साहू, रोहित सागर, देवेंद्र साहू, वैभव शर्मा, कमल टूवानी, आबिद खान, ललित रात्रे, दाऊद खान, अनिल चेनानी, अजय नोन्हारे, यस पर्चानी, विकी तिगाला, संतोष चौधरी, सुनील माडवी, नारायण साहू, जुर्गेरा कमलेश श्रीवास्तव, मनीष पारकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। प्रदर्शनकारियों ने एक सुर में कहा कि ईडी का राजनीतिक उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने भूपेश बघेल सहित सभी कांग्रेस नेताओं के समर्थन में संघर्ष तेज करने की चेतावनी दी।

### स्कूल सफाई कर्मियों की ...

आश्वासन दिया गया और मंत्रलय कक्ष क्रमांक 2, 10 मे स्कूल शिक्षा सचिव और कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल की वार्ता हुई सचिव ने संघ की मांगों को सरकार तक पहुंचाने की बात कही है अथवा हड़ताल को वापस लेने की बात कही इसमें कर्मचारी संघ का कहना है कि 15 वर्षों से केवल मंत्रलय और संचालनालय के अधिकारी आश्वासन ही दिए हैं परंतु मांगे पूरी नहीं हुई है इसलिए आश्वासन से हड़ताल वापस नहीं किया जाएगा शासन और प्रशासन 15 दिवस के अंदर संघ की मांगों को संज्ञान में नहीं लेती है तो भूख हड़ताल और उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। मुलाकात के दौरान प्रदेश अध्यक्ष संतोष खांडेकर, प्रदेश सचिव भीम कुमार पटेला, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, प्रदेश शह मीडिया प्रभारी प्रेम प्रकाश वर्मा, बेमेतरा जिला अध्यक्ष अशोक मंडले, मुंगेली जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर भास्कर, बेमेतरा जिला सचिव बसंत पात्रे बैठक में शामिल हुए थे।

## खबर संक्षेप



### गांजा के साथ युवक हुआ गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा रखने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जेवरा सिरसा चौकी के अंतर्गत आने वाले पूजा राईस मिल के सामने आईआईटी रोड पर युवक खड़ा था। संदेह होने पर युवक को घेराबंदी कर पकडा गया। पुलिस पूछताछ करने पर अपना नाम आलू गोदाम, गुणोत्तर पब्लिक स्कूल के पीछे, ग्राम सिरसाखुर्द चौकी जेवरा सिरसा निवासी भरत ठाकुर होना बताया है। युवक के पास से एक काले रंग के बैग था उसमें का तलाशी लेने पर काले रंग का इलेक्ट्रानिक तराजू, सफेद रंग के पॉलिथिन में 1.148 कि.ग्रा. अवैध गांजा जब्त किया गया। गाजा की कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में चौकी प्रभारी उनि खगेन्द्र पठारे समेत उनकी टीम का योगदना रहा है।

### खाते से एक लाख नब्बे हजार की ठगी

**भिलाई।** एसबीआई का योनो ऐप डाउन लोड कर खाते से लाखों रुपए ठगी किया गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि राजेश कुमार पाण्डेय के मोबाइल पर कॉल किया। अज्ञात ने पीड़ित को योनो एसबीआई ऐप को डाउनलोड कराया। उसके बाद पीड़ित के खाता से 1 लाख 90 हजार रुपए ठगी कर लिया। तुरंत पीड़ित ने सायबर पोर्टल 1930 मे शिकायत किया है। पीड़ित राजेश कुमार पाण्डेय का खाता भारतीय स्टेट बैंक, शाखा मार्केट सेक्टर 4 में सेविंक खाता है। 26 जून को सुबह मोबाइल पर कॉल आया उसने एसबीआई का योनो ऐप डाउनलोड करने कहा था। उसके बाद काते से रकम गायब हो गए।

### हमला करने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** पुरानी रंजिश के चलते प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि कैम्प 1 छावनी निवासी प्रीतम कौर 15 जुलाई को शिकायत किया कि पुत्र शुभदीप सिंह उर्फ बछड़ा को रंजिश की बात को लेकर हमला किया गया था। घटना में आरोपी छोटा भाचा उर्फ राकेश, केश भुरु और उसके दोस्त द्वारा बीएसपी स्कूल के पीछे बुलाकर साजिश के तहत बेस बॉल, डण्डा, रॉड से हमला किया। पुलिस ने आरोपियों की पतासाजी कर संदेही हेमंत ठाकुर को पकड़ा गया।

### सहकारी बैंक खाते से 1.73 लाख पार

**भिलाई।** सहकारी बैंक खाते से किस्तों में लाख रुपए पार होने का मामला सामने आया है। पाटन पुलिस ने बताया कि ग्राम अरसनारा निवासी जयप्रकाश साहू जिला सहकारी बैंक पाटन एवं सेलुद में स्थित खाता से कुल रकम 1 लाख 73 हजार 242 रुपए अज्ञात ने गायब कर दिया। खाते से अलग-अलग किस्तों में रकम पार हुए है। जिला सहकारी बैंक पाटन खाते से कुल रकम 1 लाख 6 हजार 529 रुपये में से 99 हजार 220 रुपये दोनों खाता का कुल 1 लाख 73 हजार 242 रुपये अज्ञात ने पार कर दिया।

अभियान : कार्यक्रम का संदेश प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान आवश्यक

# चिखलाकसा में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





नगर पंचायत चिखलाकसा और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृहद पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। यह आयोजन वार्ड क्रमांक 01 स्थित मुक्तिधाम परिसर के पास किया गया, जहां विविध प्रकार के मिश्रित पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों, पूर्व पदाधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, वन परिक्षेत्र अधिकारी मूलचंद शर्मा सहित पार्षदगण, पूर्व पार्षद व पूर्व अध्यक्षों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्थानीय वार्डवासियों, स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक, शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। सभी ने क्षेत्र को हरियाली की चादर में ढंकने का संकल्प लिया और भविष्य में पौधों की देखरेख करने की जिम्मेदारी भी स्वीकारी। पौधारोपण महाअभियान के अंतर्गत लगाए गए पौधों को पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक के रूप में देखा गया। कार्यक्रम में यह संदेश भी दिया गया कि प्रकृति के साथ संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक नागरिक का योगदान आवश्यक है। इस सामूहिक प्रयास के माध्यम से चिखलाकसा क्षेत्र को हरित क्षेत्र में बदलने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया गया है, जो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण की नींव रखेगा।



ठेकवाडीह में पौधा रोपण किया गया

**गुरूर।** ग्राम पंचायत ठेकवाडीह में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत गोठान में फलदार एवं छायादार पौधारोपण किया गया।

जिसमें पंचायत प्रतिनिधि ग्रामीण जन एवं बच्चों द्वारा पौधारोपण में भाग लिए पौधारोपण पक्षात उनकी निरंतर देखभाल करने का संकल्प लिया गया। पंचायत सचिव वेणु राम गुरबाणी ने बताया कि जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे के सफल मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत में 205 पौधे रोपित किए गए। पौधारोपण पंचायत हाई स्कूल प्राचार्य खेमन लाल साहू द्वारा शासन के आदेश अनुसार शपथ दिलाई गई कि जिस तरह अपनी मां की देखरेख सेवा करता है इसी के अनुरूप जहां हम पौधे लगाए हैं उन्हें हम निरंतर देखभाल करें जिससे कि पौधा भविष्य में वृक्ष बनकर लाभदाई हो। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच देव साहू, उप सरपंच तामेश्वरी साहू एवं समस्त पंचगण रोजगार सहायक टिकेश्वर साहू, तरुण साहू एवं प्राथमिक, मिडिल एवं हाई स्कूल के बच्चे एवं शिक्षक गण समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## रेडक्रॉस ने एक पेड़ मां के नाम किया पौधारोपण




**बालोद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा बालोद द्वारा रेडक्रॉस के बच्चों द्वारा पूरे जिले के प्रत्येक स्कूलों में पौधारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर जिलाधीश बालोद के आदेशानुसार समस्त प्राचार्य व रेडक्रॉस प्रभारी शिक्षक के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। राज्य चेयरमेन रेडक्रास सोसायटी छत्तीसगढ़ तोमन साहू, जिला चेयरमैन डॉ प्रदीप जैन, सचिव डां.जेएल उइके, एवं जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के मार्गदर्शन में रेडक्रास सोसायटी बालोद द्वारा



प्रत्येक स्कूलों में वृहद पौधारोपण को अंजाम दिया और साथ ही साथ सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया।

जिला संगठक चन्द्रशेखर पवार ने बताया की एक पेड़ मां के नाम पर पूरे जिले में पौधा रोपा जाना था, इसी तारतम्य में आज रविवार को भारी बारिश होने के बावजूद बच्चों के उत्साह को कम नहीं कर पाया और सभी बच्चे एक साथ एक समय पर पौधारोपण कार्य किये। संस्था प्राचार्य व प्रभारी शिक्षको ने आज के दिन के लिए पूर्व से तैयारी कर लिए थे।

पौधा रोपण कार्य को सम्पन्न करने पर जिलाधीश बालोद दिव्या उमेश मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी बालोद पीसी मरकले, जिला चेयरमैन डॉ प्रदीप जैन, वाइस चेयरमैन कमला वर्मा, कोषाध्यक्ष रूपनारायण देशमुख, सदस्य दिनेश तापड़िया ने हर्श व्यक्त किया।

## पंचायत बड़भूम में किया गया पौधारोपण






बालोद। ग्राम पंचायत बड़भूम में एक पेड़ मां के नाम के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम मे पौधारोपण किया गया।।जिसमें सरपंच शीला संदीप यादव, उपसरपंच रामाधार कुंजाम, पंच गण नागेश्वर सलाम, प्रमोद कुमार कुंजाम, ममता जामदार, रोशनी कुरेटी, दिव्यंतिन मंडावी, प्राचार्य हाई स्कूल बढ़भूम, आयुष्मान सेंटर प्रभारी, समस्त शिक्षक गण, स्वास्थ विभाग,मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका बिहान सदस्य, स्वच्छग्रही सदस्य, राशन दुकान संचालक, वरिष्ठ ग्रामीण, रहवासी सहित स्कूल के सभी छात्र, ग्राम पंचायत बड़भूम के कर्मचारी सहित ग्रामीण रहवासी शामिल हुए।

## बेलमांड स्कूल में किया गया पौधारोपण



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेल्माण्ड में एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच चमेली साहू, उप सरपंच गंगाधर गांवरे, शाला विकास समिति के अध्यक्ष सत्या गांवरे, वाल्मीकि साहू, संतोष साहू, रेवती साहू, पोश करण साहू, नरेंद्र साहू, समिति के समस्त सदस्य गण, ग्राम वासी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। प्राचार्य एनके. मंडावी के द्वारा पौधे के महत्व को बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए सभी को प्रेरित करते हुए कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए उपस्थित सभी जनों का धन्यवाद व्यक्त किया।

## टटेंगा विद्यालय में किया गया पौधारोपण




**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान का आयोजन शाला विकास समिति के अध्यक्ष व जनपद सदस्य टूमन साहू और प्राचार्य आर के देवांगन के नेतृत्व में किया गया। शिक्षकों, बाल कैबिनेट, यूथ एंड इको क्लब व विद्यार्थियों के द्वारा अशोक, नीम, करंज, अमरूद, कटहल, आंवला, जामुन आदि के सैकड़ों पौधे शाला परिसर में लगाए गए। टूमन साहू और प्राचार्य आर के देवांगन ने कहा कि हरेली का अर्थ हरियाली होता है। जो की सावन अमावस्या को मनाया जाता है जो की आज है। वैसे भी सावन में वातावरण चारों ओर हरा ही हरा नजर आता है। आगे भी वातावरण ऐसा ही बना रहे इसके लिए प्रयास करना होगा। सभी को पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई। पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व यूथ एंड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने की। इस अवसर पर व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, चंद्र प्रकाश सोनबोइर ने सभी विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया और टोली बना कर सभी को संरक्षण की जवाबदारी दी।

## एकलव्य महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया



**डौंडीलोहारा।** एक पेड़ मां के नाम एक राष्ट्रव्यापी वृक्षारोपण अभियान है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ माताओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना है। इस अभियान के तहत, लोगों को अपनी माताओं के नाम पर एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इस अभियान के तहत रविवार को प्रात 10:30 बजे शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 50 पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति शासकीय एकलव्य महाविद्यालय के अध्यक्ष जसराज शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सरपंच, ग्राम पंचायत सिवनी सुनीता नेतराम तारम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ रोशन आरा द्वारा की गई। इस अवसर पर जनभागीदारी के सदस्यगण इकबाल अरोरा, रवि जैन महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टॉफ एलुमनी एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलता पूर्वक सपन्न हुआ।

## एक पेड़ मां के नाम ग्राम मुढ़िया मे किया गया पौधारोपण





बालोद। ग्राम मुढ़िया में प्राइमरी, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल एवं समस्त शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं समस्त ग्राम वासियों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम एवं सहकारी समिति ग्राम पंचायत मुढ़िया के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य भुपेश कुमार नायक, ग्राम मुढ़िया के सरपंच हरेश कुमार कौशिक, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष हेमलाल देशलहरे एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष चेतन्य निषाद, शिव कुमार सिन्हा, चिरंजीवी भुआर्य समस्त ग्रामवासी मुढ़िया द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधा लगाया गया।

## महिला कमांडो ने किया पौधारोपण



**बालोद।** एक पेड़ मां के नाम पद्मश्री शमशाद बेगम ने अपनी मां यामना जी के नाम से पेड़ लगाये, पुरे बालोद जिला मे वृहद पौधारोपण किया गया। जिसमें अपने अपनेगावं में माहिला कमाण्डो ने अपनी भागीदारी देते हुए पौधा लगाए और उसे सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया। पद्मश्री शमशाद बेगम ने अपनी मां यामना जी के नाम से पौधा लगाई और कहा मां ने हमे बड़ी कठनाईयो से पाला पोसा बड़ा किया है, हम भी इस पौधा को पालेंगे पोसेंगे और बड़ा करेंगे, क्यों कि हम पेड़ के है और पेड़ हमारे है, दिव्या उमेश मिश्रा कलेक्टर की सोच और मार्गदर्शन पुरे बालोद जिला को हरियर बालोद और वाटर लेवल को बनाये रखने में महत्वपूर्ण साबित होगा। मै अपनी और महिला कमाण्डो टीम की ओर उनका बहुत बहुत अभार और धन्यवाद ज्ञापित करती हुं । उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने गुन्डरदेही में महिला कमाण्डो टीम की सराहना कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो को विस्तार से सुना तथा उनके कार्यो की प्राशंसा किया। इस अवसर पर पद्मश्री शमशाद बेगम साथ में रही।



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)

प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)

100% CAMPUS PLACEMENT

TEAM CREATIVE

मारूती इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम - दानीटोला, पोस्ट - भैसबोड़, तहसील - डौंडी, जिला - बालोद (छ.ग.)
09229820000, 07470542137

# एसईसीएल में फर्जी नियुक्ति की जांच की मांग को लेकर महिलाओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



कुसमुंडा परियोजना से प्रभावित भूविस्थापित परिवारों के सब्र का बांध अब टूट चुका है। एसईसीएल (SECL) की कथित फर्जी नियुक्तियों और प्रबंधन की अनदेखी के खिलाफ शुक्रवार को महिलाओं ने जीएम कार्यालय के भीतर अर्धनग्न होकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस विरोध का नेतृत्व आम आदमी पार्टी महिला विंग की जिला अध्यक्ष कांता गरीहा ने किया। उन्होंने बताया कि वर्षों पहले कुसमुंडा परियोजना में फर्जी नौकरियां बांटी गईं, जिनमें असली जमीन मालिकों को दरकिनार कर बाहरी लोगों को नौकरी दे दी गई। अब सच्चे भूविस्थापित परिवार दर-दर भटक रहे हैं।

महिला विंग की सचिव सविता साहू ने गुस्से में कहा कि प्रबंधन की असंवेदनशीलता ने महिलाओं को अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने पर मजबूर कर दिया है, यह बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि अधिकारी बार-बार यह तर्क देते हैं कि राज्य शासन की सहमति और सत्यापन के बाद ही नौकरी दी गई है, लेकिन सवाल है कि यह सत्यापन किनके लिए और किसके नाम पर हुआ? महिला विंग की सह-सचिव किरण साहू और उपाध्यक्ष राधिका ने 1978 के समय का जिक्र करते हुए बताया कि उस दौर में पुनर्वास नीति स्पष्ट नहीं थी, फिर भी तीन एकड़ भूमि पर एक नौकरी का प्रावधान था। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय के राजस्व अधिकारियों और कुछ एसईसीएल कर्मियों की मिलीभगत से जमीनों में हेरफेर कर नौकरी बेची गईं। बड़ी जमीनों को टुकड़ों में बांटकर कई फर्जी नामों पर नियुक्तियां की गईं।

जिला उपाध्यक्ष तोरणी पटेल ने कहा कि जो लोग उस समय नौकरी नहीं करना चाहते थे, उनकी सहमति लेकर दूसरों को नौकरी दे दी गई। अब वही असली भूमि स्वामी और उनके आश्रित अपने हक के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

पूर्णिमा साहू, महिला विंग की जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि आज भी रोजगार, मुआवजा, बसाहट और पुनर्वास के मामलों में एसईसीएल की नीति सवालों के घेरे में है। आम आदमी पार्टी ने एसईसीएल प्रबंधन से मांग की है कि सभी असली भूविस्थापितों को तुरंत न्याय, मुआवजा और रोजगार उपलब्ध कराया जाए, साथ ही फर्जी नियुक्तियों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

शैलदेवी महाविद्यालय
ADMISSION OPEN
BA (Home Science Geography)
BSc Maths CS/Bio
BCA AICTE Approved
BCom
MCom
MSW
MA Hindi
DCA
PGDCA
B.Lib
PG Diploma in YOGA
BEd
DElEd
BSc BEd
MSc Physics & Chemistry Computer Science
Anda, Durg
: 9575037637, 6265377477

## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने किया पौधारोपण

**बालोद।** जिला प्रशासन बालोद द्वारा आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शिवसेना बालोद जिलाध्यक्ष विजय पारख सहित पार्टी संगठन के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों जिला प्रशासन के साथ शिवसेना के नेताओं ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में एक आम का पौधा भी रोपित किया।

### कर्मी अफसरों ने भी किया पौधरोपण



**बालोद।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वृहद पौधारोपण सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर सहित सोशल मीडिया समन्वयक तनवीर खान, कृष्णशरण साहू, राजेन्द्र कुमार, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक, सुरेन्द्र साहू सहित अधिकारी–कर्मचारियों ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में अपने माँ के नाम पर एक–एक पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर सभी अधिकारी–कर्मचारियों ने पौधारोपण कर रोपे गए पौधे का समुचित देखभाल एवं सुरक्षा करने का संकल्प भी लिया।

### ग्राम उरेटा में किया गया पौधा रोपण



**डौंडीलोहारा।** समीपस्थ ग्राम उरेटा में एक पेड़ मां के नाम ग्रामीणों द्वारा पौधा लगाया और संकल्प लिया गया की हम इस पौधे का रख रखाव स्वयं करेंगे सरपंच एन कुमारी रांडे ने कहा की पेड़ से ही हमें आक्सीजन और फल प्राप्त होती है, धरती हमारी माता है इसलिए धरती को हरा भरा रखने के लिए एक पौधा जरूर लगाएं, इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सरपंच एन कुमारी रांडे,उपसरपंच नरेन्द्र कुमार साहू ,सचिव खिलेश्वरी भुआर्य ,रोजगार सहायिका मंथिरा टंडन, सिन्हा मेडम ,बर्सेल सर,आंगनबाड़ी मैडम ,केसर भरतद्वाज, सुनीती राणा, यशवंत साहू,अनिल केशरिया, धनसाय राणा ,मन्नू सहारे ,द्रोपती धरते, पन्नालाल भुआर्य,खोरबाहरा राम, हेमचंद ,सौरभ,टीकू भुआर्य सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बडगांव में वन विभाग के सौजन्य से किया गया पौधरोपण

**डौंडीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में आज वन परिक्षेत्र डौंडीलोहारा के सौजन्य से एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया गया जहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों ग्राम वासियों के साथ ही विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया ।

## अभियान: हर व्यक्ति को जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए

# खुरसुनी में 900 पौधारोपण कर हरियाली बिखेरी और सुरक्षा का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम





विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम पंचायत के खुरसुनी में सभी ग्रामीण जनों व स्थानी जनप्रतिनिधियों ने मिलकर ग्राम पंचायत, स्कूल परिसर, आंगनबाड़ी स्वास्थ्य केंद्र सहित धान खरीदी केंद्र, सड़क किनारे लगभग 900 पौधारोपण कर हरियाली बिखेर कर सुरक्षा का संकल्प लिया। ग्राम सरपंच खुरसुनी योगेश्वर साहू ने कहा कि वृक्ष और फल प्रकृति को संवारते हैं, हर व्यक्ति को जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए, वहीं पर्यावरण के प्रति आस्था का परिचय देते हुए एक पेड़ मां के नाम संकल्प लेते हुए निकट भविष्य में सभी शासकीय परिसरों में पौधारोपण कर ट्री गार्ड जरूर लगाए, पौधारोपण केवल उद्देश्य नहीं है बल्कि सभी मिलकर प्रकृति के प्रेम जागरूकता और उत्तरदायित्व का भाव भी जागृत करे। वही इस अवसर पर क्लस्टर नोडल अधिकारी जनपद गुण्डरदेही दीनबंधु देशमुख, उप सरपंच उर्वशी निषाद, सचिन टिकेश्वर देशमुख, पर्यावरण प्रेमी भोज राम साहू, आंगनबाड़ी केंद्र केंद्र क्रमांक एक ललिता साहू, मालती देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन व स्कूल विभाग के स्टाफ उपस्थित थे।

### दल्ली राजहरा में 700 पौधा का किया गया रोपण



**दल्ली राजहरा।** हरियाली और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा के तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत गोठान वार्ड क्रमांक 13 में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लगभग 700 पौधे रोपे गए, जिससे नगर में हरियाली बढ़ेगी और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व प्रदूषणमुक्त वातावरण मिलेगा। इस अभियान का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज दुबे की मुख्य उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश दसोड़े, पार्षदगण सुरेश जायसवाल, मेवालाल पटेल, तरुण साहू, एवं नगर पालिका के सभी अधिकारी, कर्मचारी, सफाई मित्र, महिला समूह, और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता उल्लेखनीय रही। स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, सहायक अभियंता सलीम सिद्दीकी, पीआईयू विक्रांत साहू, सुनील तारम, अनंत साहू, पंकज चंद्राकर, धरमू बक्शी, सुशील टंडन, देव देवांगन, निर्भयराम नरेटी, चित कुमार, परदेसी देवांगन सहित अनेकों जागरूक नागरिकों ने इस पर्यावरणीय मुहिम में भाग लेकर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष तोरण लाल साहू ने कहा कि–वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। यह पहल केवल एक पौधा लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे संरक्षित कर एक हरित भविष्य की नींव रखने का संकल्प है। नगर को हरा-भरा और स्वच्छ बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में "ग्रीन सिटी, क्लीन सिटी" के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान भी किया गया। नागरिकों से अपील की गई कि वे न केवल वृक्षारोपण करें बल्कि उनकी देखरेख भी सुनिश्चित करें। इस पौधारोपण अभियान ने दल्ली राजहरा नगर को हरियाली की ओर अग्रसर करते हुए पर्यावरणीय संतुलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण संदेश दिया है।

### बेलोदी महाविद्यालय में पर्यावरण संवर्धन की पहल, 90 छायादार पौधे रोपे गए



**बालोद/सिकोसा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति एवं महाविद्यालय स्टाफ द्वारा कैम्पस के चारों तरफ 90 छायादार पौधे रोपे गए। यह कार्यक्रम बालोद जिले के प्रभारी मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं कलेक्टर के आह्वान पर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सीएल. ठाकुर, सहायक प्राध्यापक डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार, डॉ. प्रदीप देवांगन, राहुल उपाध्याय जनभागीदारी प्रबंधन के अध्यक्ष राहुल साहू, सदस्य डॉ. रोहित साहू, दुष्यंत कुमार साहू, विचित्र कुमार साहू, पन्नालाल साहू, श्यामलाल मंडावी, चोवा राम साहू, डामन साहू, भूपेंद्र साहू, नोहर साहू, प्रवीण साहू, तुकेश्वर मंडावी, तुकेश्वर विश्वकर्मा ने शामिल होकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

### विभिन्न पंचायत में एक साथ किया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** जिले मे संपन्न हुए पौधारोपण अभियान के तहत जनपद पंचायत अंतर्गत 117 पंचायत में 45000 पौधों का एक साथ पौधारोपण किया गया और इन पौधों को सुरक्षित रखने एवं बढ़ाने की जिम्मेदारी पूर्वक शपथ ली गई। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की गई।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ द्वारा इसे आगे बढ़ाने के लक्ष्य को ध्यान रखते हुए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा निर्देशन एवं मार्गदर्शन में बालोद जिला के 2 लाख पौधारोपण के लक्ष्य को साथ लेकर जनपद पंचायत अंतर्गत 117 पंचायत में 45000 पौधों का एक साथ पौधारोपण किया गया और इन पौधों को सुरक्षित रखने एवं बढ़ाने की जिम्मेदारी पूर्वक शपथ ली गई। उक्त कार्यक्रम में बालोद जिले में अभियान की शुरुआत एवं प्रारंभ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के हाथों से किया गया, मंत्री द्वारा सरपंच ग्राम चौरेल पूजा नीतीश मोंटी यादव से वेब के माध्यम से वार्तालाप की गई, तत्पश्चात प्रतिमा ठाकरे झा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुण्डरदेही की अगुवाई में जनपद पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, उपाध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव, सभापतियों व सदस्यों द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुण्डरदेही निखत सुल्ताना के साथ विकासखंड स्तरीय पौधारोपण कार्यक्रम ग्राम रंगकठेरा में पद्म शमशाद बेगम, रोमेश यादव सरपंच व निवासियों तथा शासकीय आवास में निवास कर्मचारियों द्वारा पौधारोपण कर वन महोत्सव को सफल बनाने में सहभागी बने।

## गुण्डरदेही ब्लॉक में 61 हजार पौधे रोपे गए



**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही के बघमरा नदी के किनारे एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहद पौधारोपण के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वेबेक्स के माध्यम से ऑनलाइन संयुक्त कार्यालय जिला बालोद में हो रहे कार्यक्रम को टीवी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। उसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत करने के बाद एसडीएम ने सबको पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए शपथ दिलाया। उसके बाद सभी अतिथियों ने पौधारोपण किया। इस आयोजन में स्थानीय निवासियों, जनप्रतिनिधियों स्कूली बच्चों और व्यापारियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन एसडीएम प्रतिमा ठाकरे और सभी पार्षदों ने मिलकर नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में पर्यावरण के महत्व पर जोर दिया और सभी को अधिक से अधिक पेड़ लगाने एवं उनकी सुरक्षा करने के लिए प्रेरित किया विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधों का रोपण किया गया जिसमें आम, आंवला, नीम, पीपल, बरगद प्रमुख रूप से थे।

अध्यक्ष ने बताया कि बघमरा नदी के किनारे 300 पेड़ और पूरे नगर पंचायत गुण्डरदेही के विभिन्न स्थानों को मिलाकर दो हजार पेड़ लगाए गए हैं साथ ही पूरे गुण्डरदेही ब्लॉक में 61 हजार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजेंद्र राय, एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, एसडीओपी गुण्डरदेही, सीएमओ किरण पटेल, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी शंकर यादव रामबती सोनकर, हेमंत सोनकर, रुखसाना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्श, सेवक महिपाल, रोम लाल यादव, पद्मश्री शमशाद बेगम, अश्वनी यादव, केशव साहू,सुरेश सोनी, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे महामंत्री विनोद चंद्राकर, सौरभ चोपड़ा,सतीश महोबिया, चेतन सोनकर, छगन सोनकर, सुशील जैन, शंकर गोदवानी मनीष चौरड़िया, नीतीश राजा सोनकर, गोकुल निषाद, महिला बाल विकास अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला कमांडो, नगर पंचायत के अधिकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

### रेंगाडबरी में एक पेड़ मां के नाम रोपे गए पौधे



**डौण्डीलोहारा।** ग्राम रेंगाडबरी में दिन रविवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत ग्राम पंचायत, सोसाइटी एवं स्कूलों में नीम, अमरूद, आम, आंवला,अशोक, नींबू सहित फलदर एवं छायादार 300 पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही साथ पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का आग्रह किया गया। इस दौरान सरपंच भावना जयेश जैन, उपसरपंच दमेन्द्र निषाद,सचिव भागीरथी ओटी, रोजगार सहायक महेंद्र तुमरेकी, निरंजन पडौती, पालसिंग यादव, ताराचंद निषाद, मदन माहला, चिंताराम विश्वकर्मा, केशव साहू, घनश्याम मानिकपुरी, राजेंद्र साहू ,तारा देवी निर्मलकर, रोशनी खरे, नेमन साहू सहित अन्य ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे।

### डुण्डेरा में वृहद पौधे रोपे गए



**लाटाबोड़।** ग्राम पंचायत डुण्डेरा व आश्रित ग्राम लासाटोला में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सरपंच थलेश्वर कुमार सिन्हा, सचिव, संतराम सिन्हा ,रोजगार सचिव भीखम देवांगन, कंप्यूटर ऑपरेटर सुरेश विश्वकर्मा, उपसरपंच जगनू राम ठाकुर, पंच आसाराम ठाकुर एवं ग्रामीणों के सहयोग से पौधारोपण के अंतर्गत लगभग 650 प्रजाति के पौधे का रोपण किया गया।

### जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र जायसवाल ने किया पौधारोपण



**डौं डी लो हा रा ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृहत पौधारोपण किया गया, जिसमें सभी विभागों ने प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तरीय पौधारोपण पृथक पृथक व संयुक्त रूप से किया, इसी तारतम्य में डौंडीलोहारा के तहसीलदार नायक के दिशा निर्देश पर तहसील परिसर के समीप लगभग 50 पौधे का रोपण किया गया, इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष व राज्य पिछडा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य देवेन्द्र जायसवाल सहित राजस्व विभाग के सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मां के नाम पर पौधारोपण किये, इस अवसर पर अनेक नागरिक, अधिवक्ता गण व कर्मचारी उपस्थित थे।

### हीरु खपरी में किया गया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत ग्राम हीरु खपरी में आंगनबाड़ी, मितानिन, महिला समूह के बहनों द्वारा पौधारोपण किया गया एवं उन्हें बचाने का संकल्प लिया गया। जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता देवकी साहू, सहायिका डाइजेश्वरी कश्यप, नर्मदा सोनी, मितानिन माधुरी साहू, धर्मिन ठाकुर, हेमकुंवर साहू, संजय कुमार साहू, कोटवार उमाशंकर उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने लगाए पौधे



**बालोद।** वृहद पौधारोपण सह वन महोत्सव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ बालोद ने अपनी सहभागिता प्रदान की। जिला स्तरीय कार्यक्रम मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्माजी एवं सांसद भोजराज नाग की अध्यक्षता में संपन्न हुा। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ के बालोद अध्यक्ष डॉ आरएम चावड़ा एवं सेवानिवृत वन परिक्षेत्र अधिकारी मोहनलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में एक पेड़ अपने मां के नाम पौधा लगाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ. आरएम चावड़ा, मोहन लाल धुर्वे, आईएन योगी, डीएस देशमुख, पुरुषोत्तम देशमुख, बीआर बेलसर, आरके साहू, बीआर साहू, सुरेंद्र ताम्रकार, मुरारी लाल साहू, चुरामन लाल साहू, कन्हैयालाल कौशिक, निर्मल श्रीवास्तव, जय सिंह ठाकुर, पुष्पा साहू, सावित्रीबाई, किरण सिन्हा एवं मंजू श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### शिवसेना पदाधिकारियों ने रोपे पौधे



**बालोद।** जिला की शिवसेना इकाई ने भी पौधे रोप कर संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण के दौरान डॉक्टर संजीव कुमार प्रदेश कामगार उपाध्यक्ष हर्ष शर्मा, जिला प्रभारी अनिल सिंह राजपूत शहर अध्यक्ष अन्य सभी शिव सैनिक उपस्थित थे।

### बापू उद्यान सहित स्कूलों में किया गया पौधारोपण

**डौंडीलोहारा।** एक पेड़ मां के नाम के तहत समीप के ग्राम सम्बलपुर में बापू उद्यान, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल व ग्राम पंचायत परिसर में पौधारोपण कर उसे सुरक्षित रखने का संकल्प लिया गया। पौधारोपण में खासकर महिलाओं ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमवी, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# वृहद पौधारोपण अभियान सह वनमहोत्सव में जिले में लगाए गए 1 लाख 74 हजार पौधे, बनाया कीर्तिमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की विशेष पहल पर जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद पौधारोपण अभियान सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर बालोद जिलेवासियों ने आज 1 लाख 74 हजार पौधारोपण कर कीर्तिमान स्थापित करते हुए नया इतिहास रचा।

इस तरह से जिले में लगातार घट रहे भूजल स्तर एवं पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम में सभी वर्गों के लोगों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस वृहद पौधारोपण अभियान सह वनमहोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारी–कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं एवं आम नागरिकों ने पौधरोपण के इस महत्वपूर्ण कार्य में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते हुए हरित बालोद के परिकल्पना को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उल्लेखनीय है कि आज वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद सहित जिले के सभी नगरीय निकायों सहित विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित कर पौधारोपण किया गया। उल्लेखनीय है कि आज आयोजित वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर सहित जिले के सभी नगरीय निकायों एवं विकासखण्ड मुख्यलयों में आयोजित समारोह को वेबएक्स के माध्यम से वर्चुअल संपर्क स्थापित किया गया।

आज आयोजित समारोह में नगरीय निकायों में नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के अलावा अधिकारी–कर्मचारी एवं आम नागरिकों के द्वारा पौधरोपण किया गया। इसी तरह जनपद पंचायतों एंव ग्राम पंचायतों में आयोजित समारोह में जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच, वार्ड पंच सहित अधिकारी–कर्मचारियों, गणमान्य जनों एवं ग्रामीणों द्वारा पौधारोपण कर आज के इस अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की गई।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर



स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर , जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
14 अगस्त, 11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411